आकाशवाणी शिमला
06.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

भाजपा स्थापना दिवस

भारतीय जनता पार्टी का आज 45वां स्थापना दिवस है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी हैं। नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है और वर्षों से पार्टी के निर्माण में उनकी कड़ी मेहनत, संघर्ष व बलिदान के प्रति आभार व्यतक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को एन.डी.ए का अभिन्न हिस्सा बनने पर गर्व है और वह अपने सहयोगी दलों की भागीदारी को महत्व देती है। इस बीच, जे.पी नड्डा ने भी पार्टी के राष्ट्रव्यापी विस्तार करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को भी सम्मान दिया।

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बिलासपुर में भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में कई राजनीतिक पार्टियां परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पा रही हैं, जबकि भाजपा में परिवारवाद का कोई प्रभाव नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनियाभर में भारत की साख बढ़ी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अनुच्छेद 3 सौ 70 को हटाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात दिलाना और सी.ए.ए. कानून का निर्माण जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय भाजपा सरकार के कार्यकाल में लिए गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी को मज़बूत बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। बाद में अनुराग ठाकुर ने श्री नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

लोकसभा चुनाव

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। इस के अलावा प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होगा। भाजपा ने एक ओर जहां सभी चार लोकसभा सीटों के अलावा विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा की दी हैं वहीं कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि नई दिल्ली में आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो रही है, जिसमें प्रत्याशियों के नाम तय करने पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद ही प्रत्याशियों के नाम को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी घोषणा पत्र की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में पार्टी ने 5 न्याय व 25 गारंटियों का ऐलान किया है जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र लोगों के लिए न्याय की गारंटी है और बेरोज़गारी व महंगाई पर काबू पाने के लिए पार्टी सत्ता में आने पर कारगर कदम उठाएगी।

<u>बिंदल</u>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस नेताओं पर अनाप–शनाप बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार लोगों की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई है और जनता का ध्यान भटकाने के लिए ही तथ्यहीन बयानबाज़ी की जा रही है। बिंदल ने कहा कि कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र भुट्टो के खिलाफ मुख्यमंत्री द्वारा की गई बयानबाज़ी को लेकर भाजपा चुनाव आयोग से शिकायत करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता चुनाव के दौरान प्रदेश के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में युवाओं को सरकारी नौकरी देने की दिशा में कोई काम नहीं किया है और प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबाया जा रहा है।

<u>लाहौल बैठक</u>

लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर केलंग में आज कांग्रेस पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के चुनाव पर्यवेक्षक व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास उम्मीदवारों की कोई कमी नहीं है और लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों की घोषणा जल्द की जाएगी। नेगी ने कहा कि बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी से जुड़े कर्मठ नेताओं को ही टिकट देने की वकालत की।

<u>गोमा</u>

खेल व आयुष मंत्री यादवेन्द्र गोमा ने दावा किया है कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय दी गई 10 गारंटियों में से 5 गारंटियों को पूरा कर लिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में राज्य सरकार पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को लेकर लोगों के बीच जाएगी और जनता सरकार की नीतियों पर मोहर लगाएगी।

——————————————